# Daily Current Affairs

Date : 14 November, 2025

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | चम्बल अभयारण्य : घड़ियाल हॉटस्पॉट |
| 2. | नैपकॉन (NAPCON-2025) |
| 3. | वाटरशेड महोत्सव का राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह |
| 4. | आँगनबाड़ी ओलंपिक खेल-2025 |
| 5. | संतृप्ति अभियान : राजस्थान दूसरे स्थान पर |
| 6. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. स्किलफेस्ट-2025<br>2. राजस्थान के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रतनलाल जाट का निधन<br>3. राष्ट्रीय कृषि एवं पशुपालन उद्यमिता कार्यशाला |
| 7. | राइसिन (Ricin) |
| 8. | भारत, बोत्सवाना चीता स्थानांतरण संधि |
| 9. | जलवायु जोखिम सूचकांक, 2026 |
| 10. | डीएनए प्रोफाइलिंग |
| 11. | निर्यात संवर्धन मिशन |
| 12. | हाइड्रोजन वैली इनोवेशन क्लस्टर्स (HVICs) |
| 13. | डिजिटल गोल्ड |
| 14. | ग्लोबल कूलिंग वॉच 2025' रिपोर्ट |
| 15. | स्टेट ऑफ द क्रायोस्फीयर रिपोर्ट 2025 |
| 16. | VINBAX अभ्यास |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## चम्बल अभयारण्य : घड़ियाल हॉटस्पॉट

### चर्चा में क्यों?

- राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमाओं में फैले चंबल घड़ियाल अभयारण्य को 'घड़ियाल हॉटस्पॉट' के रूप में विकसित किया जा रहा हैं।
- हाल ही में, प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री ने सवाई माधोपुर जिले के खण्डार स्थित राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य, पालीघाट में घड़ियालों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए तथा चम्बल अभयारण्य को 'घड़ियाल हॉटस्पॉट' के रूप में विकसित करने के लिए 5 माह के 10 घड़ियाल हैचलिंग्स को चम्बल नदी में उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- पालीघाट में जिस प्रकार संरक्षण कार्य को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लागू किया गया है, उसी मॉडल को धौलपुर एवं अन्य चम्बल तटीय क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जाएगा।
- घड़ियाल रेयरिंग फास्ट ट्रैक–हेड स्टार्टिंग कार्यक्रम के तहत पांच माह के 10 घड़ियाल हैचलिंग्स को उनके प्राकृतिक आवास चंबल नदी में छोड़कर पुनर्वास प्रक्रिया की शुरुआत की गई है।
- देश में पहली बार घड़ियाल संरक्षण की ऐसी पहल शुरू की गई हैं।
- घड़ियाल अभयारण्य को पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में पालीघाट और चम्बल तट को “इको-टूरिज्म जोन” के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य :


- **स्थापना:** चंबल नदी में वर्ष 1979 में।
- राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य एक महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र (Important Bird Areas- IBA) के रूप में सूचीबद्ध है और एक प्रस्तावित रामसर स्थल है।
- **स्थान:** यह तीन राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के त्रि-जंक्शन पर स्थित है।
- अभयारण्य का मुख्य उद्देश्य गंभीर रूप से लुप्तप्राय घड़ियाल, लाल मुकुट वाले कछुए और लुप्तप्राय गंगा डॉल्फिन का संरक्षण करना है।
- चम्बल में घड़ियालों की सबसे बड़ी आबादी रहती है ।
- **वनस्पति:** शुष्क पर्णपाती वन पारिस्थितिकी क्षेत्र।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अन्य जीव:

- **अन्य जानवर जो संकटग्रस्त श्रेणी में हैं, जैसे मगरमच्छ, चिकने बालों वाले ऊदबिलाव, धारीदार लकड़बग्घा और भारतीय भेड़िये भी यहाँ पाए जाते हैं।**
- **चंबल नदी कछुआ परिवार की 26 दुर्लभ प्रजातियों में से 8 को आश्रय देती है, जैसे भारतीय संकीर्ण सिर वाला नरम खोल कछुआ, तीन धारीदार छत वाला कछुआ और मुकुटधारी नदी कछुआ।**
- **यहाँ स्तनधारी जीव भी देखे जाते हैं, जिनमें सांभर हिरण, नील गाय (नीला बैल), भारतीय हिरन, रीसस बंदर, लंगूर, भारतीय ग्रे और छोटे एशियाई नेवले, बंगाल लोमड़ी आदि शामिल हैं।**

### चंबल नदी तंत्र :







उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नैपकॉन (NAPCON-2025)

## चर्चा में क्यों?

- 13 नवम्बर, 2025 को बिड़ला सभागार, जयपुर में श्वास संबंधित रोगों की 27 वीं कांफ्रेंस "नैपकॉन"का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **थीम :** 'एरा ऑफ पल्मोनरी रिवोल्यूशन : बैक टू पिंक'/ "Era of Pulmonary Revolution : Back to Pink" ।
- **उद्घाटन :** राज्यपाल द्वारा।
- राज्यपाल ने "नैपकॉन" की स्मारिका का विमोचन किया।

**उद्देश्य :**

- श्वास/फेफड़ों से जुड़े रोगों के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाना।
- श्वसन रोगों के निदान और उपचार में सुधार।
- युवा डॉक्टरों को नवीनतम तकनीकों का प्रशिक्षण देना।
- पर्यावरण प्रदूषण से बढ़ते फेफड़े रोगों पर नियंत्रण के उपाय साझा करना।
- धूम्रपान, तंबाकू और प्रदूषण से होने वाले रोगों के प्रति जागरूकता।
- AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) का उपयोग कर बेहतर निदान प्रणाली विकसित करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# वाटरशेड महोत्सव का राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह

## चर्चा में क्यों?

- 13 नवम्बर, 2025 को कोटा जिले की खैराबाद पंचायत समिति के उण्डवा गांव में वाटरशेड महोत्सव के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **अभियान की अवधि :** 4 नवम्बर से 16 दिसम्बर, 2025 तक मिशन वाटरशेड पुनरुत्थान के तहत् प्रदेशभर में जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **पुरस्कार वितरण :** इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा जल ग्रहण विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 परियोजनाओं को 20-20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के चेक वितरित किए गए। इनमें उदयपुर, राजसमंद, फलौदी, बीकानेर, भरतपुर, अलवर, झालावाड़ और झुंझुनूं जिलों की पंचायत समितियों को सम्मानित किया गया।
- **शिलान्यास :** इस अवसर पर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के अंतर्गत 17.50 लाख रुपये से लक्ष्मीपुरा, देवलीखुर्द, उण्डवा और ग्राम बंधा में एनीकट एवं चेक डेम निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

**उद्देश्य**

- भूजल स्तर बढ़ाना।
- वर्षा जल संचयन।
- मिट्टी कटाव रोकना।
- नदियों/तालाबों/परंपरागत जल स्रोतों का पुनरुद्धार।
- पौधारोपण से हरियाली बढ़ाना।
- **विलायती बबूल हटाओ–चारागाह बचाओ अभियान :** इस अभियान के तहत् जूलीफ्लोरा नामक विलायती बबूल को समूल नष्ट किया जाएगा। यह पौधा 500 से अधिक देशी वनस्पतियों को समाप्त कर चुका है और प्रतिदिन लगभग 30 लीटर पानी सोखता है, जिससे भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। इस पौधे से निकलने वाली विषैली गैसें बीमारियों का कारण बनती हैं और मिट्टी को अनुपजाऊ करती हैं।
- **पाटली नदी पुनरुद्धार अभियान :** जल स्रोतों के पुनरुद्धार अभियान के अंतर्गत रामगंजमंडी क्षेत्र की वर्षों पुरानी पाटली नदी को पुनर्जीवित किया गया है, जिससे अब 50 हजार बीघा से अधिक भूमि सिंचित होगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **बीज बैंक :** राजस्थान देश का पहला राज्य है, जहाँ देशी वनस्पतियों के संरक्षण हेतु बीज बैंक स्थापित किए गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने मोबाइल बीज बैंक मॉड्यूल का भी शुभारंभ किया, जिसके माध्यम से वानस्पतिक बीज बैंकों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।
- राज्य सरकार ने हर ग्राम पंचायत को स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रति माह एक लाख रुपये और अधिक जनसंख्या वाली पंचायतों को पाँच लाख रुपये तक की राशि उपलब्ध कराई है।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के तहत देशभर में अकृषि भूमि को कृषि भूमि में बदलने और गिरते भूजल स्तर में सुधार के लिए 2000 करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें खैराबाद पंचायत समिति की 11 करोड़ रुपये की परियोजना भी शामिल है। प्रदेश के 159 परियोजनाओं में कार्य जारी हैं।
- सोशल मीडिया पर जल ग्रहण विकास से जुड़ी उत्कृष्ट रील बनाने वाले चार विजेताओं को 50-50 हजार रुपये तथा 100 चयनित फोटोग्राफ को एक-एक हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आँगनबाड़ी ओलंपिक खेल-2025

## चर्चा में क्यों?

- 13 नवम्बर, 2025 को प्रदेश के समस्त आँगनबाड़ी केंद्रों पर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के अंतर्गत बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय आँगनबाड़ी ओलंपिक खेल-2025 का शुभारम्भ किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन स्थल:** राज्य के सभी आँगनबाड़ी केंद्रों पर।
- **शुरुआत:** 13 नवंबर, 2025
- **उद्देश्य:** आँगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों की प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के तहत् शारीरिक व मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना।
- **वर्ष 2025 में खेलों की थीम:** "खेल-खेल में सीखो"
- **खेलों की शुरुआत:** वर्ष 2023
- **भागीदार:** प्रदेश के 63 हजार आँगनबाड़ी केंद्रों पर लगभग 12 लाख पंजीकृत बच्चे।
- **खेलों के प्रकार:** बच्चों ने मेंढक दौड़, म्यूजिकल चेयर और चम्मच दौड़ आदि, जिसमें स्थानीय और पारम्परिक खेलों को भी शामिल किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# संतृप्ति अभियान : राजस्थान दूसरे स्थान पर

## चर्चा में क्यों?

- **राजस्थान ने वित्त मंत्रालय के संतृप्ति अभियान में 1.28 करोड़ लाभार्थियों को वित्तीय समावेशन व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़कर व 11,232 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर देश में दूसरा स्थान हासिल किया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्य :


| रैंक | राज्य |
|---|---|
| 1 st | उत्तर प्रदेश |
| 2 nd | राजस्थान |
| 3 rd | महाराष्ट्र |
| 4 th | बिहार |
| 5 th | आंध्र प्रदेश |

### संतृप्ति अभियान :

- **अवधि :** 1 जुलाई से 31 अक्टूबर, 2025
- **उद्देश्य :** प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) जैसी प्रमुख योजनाओं की पहुँच बढ़ाना।
- सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में व्यापक कवरेज प्राप्त करना।
- **मंत्रालय :** वित्त मंत्रालय


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **स्किलफेस्ट-2025**<br>■ गाँधी नगर स्थित राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में 14 नवम्बर से 16 नवम्बर, 2025 तक तीन दिवसीय 'स्किलफेस्ट-2025' स्टूडेंट्स आर्ट एग्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है।<br>■ **उद्घाटन :** 14 नवम्बर, 2025 को उप मुख्यमंत्री तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा द्वारा। |
| 2. | **राजस्थान के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रतनलाल जाट का निधन**<br><br>■ भीलवाड़ा/रायपुर राजस्थान के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रतनलाल जाट (77) का निधन हो गया।<br>■ वर्ष 1990 में डॉक्टर रतनलाल जाट ने पहली बार जनता दल से भीलवाड़ा जिले की सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र से पहला चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की।<br>■ डॉक्टर रतनलाल ने 1990-92 और 1998-03 तक नौवीं और ग्यारहवीं राजस्थान विधानसभा के सदस्य के रूप में कार्य किया।<br>■ वर्ष 1990-92 में महिला एवं बाल विकास विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), महाविद्यालयी एवं विश्वविद्यालय शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री और वर्ष 1992 में भैरों सिंह शेखावत सरकार में तकनीकी शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया।<br>■ वर्ष 2005 से 2008 तक राज्य बीज निगम के अध्यक्ष रहे। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**3.**

## राष्ट्रीय कृषि एवं पशुपालन उद्यमिता कार्यशाला



- **राष्ट्रीय कृषि एवं पशुपालन उद्यमिता कार्यशाला एवं बॉयर–सेलर मीट 2025 में राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) SHG उद्यमों और अग्रणी कंपनियों के बीच हुआ समझौता ज्ञापन (LOIs) हुआ।**
- **कार्यशाला का उद्देश्य : महिला संचालित ग्रामीण उद्यमों के लिए मूल्य श्रृंखला एकीकरण को मजबूत बनाना और DAY-NRLM के तहत सतत क्रय साझेदारी को प्रोत्साहित करना।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## राइसिन (Ricin)

### चर्चा में क्यों?

- **गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड (ATS) ने सीमा-पार उग्रवादी नेटवर्क से जुड़े तीन व्यक्तियों की गिरफ्तारी के साथ रिसिन, जो एक अत्यंत घातक जैविक विष है, को निकालने और उपयोग करने के संदिग्ध प्रयास का खुलासा किया है।**

### मुख्य बिन्दु:

#### राइसिन (Ricin)

- **यह एक प्रोटीन है, जो अरंडी (castor) के बीजों में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। इसके अतिरिक्त, इसे अरंडी के बीजों के अपशिष्ट अवशेष से भी बनाया जा सकता है।**
- **भोजन में मिलाया गया केवल 1 मिलीग्राम विष भी एक वयस्क को मार सकता है। राइसिन विषाक्तता के लिए कोई एंटीडोट या विशिष्ट उपचार उपलब्ध नहीं है।**
- **यह किसी व्यक्ति के शरीर की कोशिकाओं के भीतर जाकर कोशिकाओं को उन प्रोटीन्स को बनाने से रोकता है, जिनकी उन्हें आवश्यकता होती है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## भारत, बोत्सवाना चीता स्थानांतरण संधि

### चर्चा में क्यों?

- भारत और बोत्सवाना ने प्रोजेक्ट चीता के एक भाग के रूप में आठ चीतों को भारत में स्थानांतरित करने की औपचारिक घोषणा की।




### मुख्य बिन्दु:

- भारत ने 1952 में चीते को विलुप्त घोषित कर दिया था।
- 2022 में प्रोजेक्ट चीता की शुरुआत और नामीबिया तथा दक्षिण अफ्रीका से चीतों के आगमन से बड़े मांसाहारी जानवरों के लिए दुनिया का पहला अंतरमहाद्वीपीय पुनर्वास कार्यक्रम बना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## जलवायु जोखिम सूचकांक, 2026

### चर्चा में क्यों?

- जर्मनवॉच ने जलवायु जोखिम सूचकांक (CRI) 2026 जारी किया।

### मुख्य बिन्दु:

- यह सूचकांक चरम मौसमी घटनाओं से होने वाले मानवीय और आर्थिक नुकसान के आधार पर देशों को रैंक प्रदान करता है। इससे जलवायु के प्रति मजबूत अनुकूलनशीलता की तत्काल आवश्यकता प्रकट होती है।
- **उत्पत्ति:** इसे 2006 में एक वार्षिक वैश्विक जलवायु प्रभाव सूचकांक के रूप में प्रस्तुत किया गया था।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## डीएनए प्रोफाइलिंग

### चर्चा में क्यों?

- जांचकर्ता नई दिल्ली में लाल किले के बाहर हाल ही में हुए घातक कार विस्फोट के संदिग्ध का पता लगाने के लिए डीएनए प्रोफाइलिंग का उपयोग कर रहे हैं।

### मुख्य बिन्दु:

**डीएनए प्रोफाइलिंग**

- यह आणविक तकनीकों का एक समूह है जिसका उपयोग अद्वितीय आनुवंशिक मार्करों के आधार पर व्यक्तियों की पहचान करने के लिए किया जाता है।
- विस्फोटों, आगजनी या बड़े पैमाने पर होने वाली आपदाओं में जहां शवों की पहचान नहीं हो पाती, यह पहचान का सबसे भरोसेमंद तरीका है।

**डीएनए प्रोफाइलिंग के सिद्धांत**

- शॉर्ट टेंडम रिपीट (एसटीआर) सबसे व्यापक रूप से प्रयुक्त मार्कर हैं।
- प्रत्येक व्यक्ति का एक विशिष्ट STR पैटर्न होता है। बच्चों को प्रत्येक माता-पिता से 50% STR मार्कर विरासत में मिलते हैं।
- मां की एसटीआर प्रोफाइल और अज्ञात शरीर के बीच मिलान से उच्च सटीकता के साथ पहचान की पुष्टि हो सकती है।

**यदि नाभिकीय डीएनए बहुत अधिक क्षीण हो गया है:**

- mtDNA का उपयोग इसलिए किया जाता है क्योंकि यह चरम स्थितियों में भी जीवित रहता है।
- यह केवल माँ से ही विरासत में मिलता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह मातृवंश की पुष्टि के लिए महत्वपूर्ण है, हालांकि यह विशिष्ट रूप से व्यक्तियों की पहचान नहीं कर सकता।

डीएनए प्रोफाइलिंग की तकनीकें

- **पॉलीमरेज़ चेन रिएक्शन (पीसीआर):** यह छोटे या विघटित डीएनए के प्रवर्धन की अनुमति देता है, और एसटीआर लोकाई के विश्लेषण को सक्षम बनाता है।
- **केशिका वैद्युतकण संचलन :** यह एसटीआर प्रोफाइल बनाने के लिए डीएनए टुकड़ों को आकार के आधार पर अलग करता है, और पहचान में उपयोग किए जाने वाले इलेक्ट्रोफेरोग्राम का उत्पादन करता है।
- **अगली पीढ़ी अनुक्रमण (एनजीएस):** यह एसटीआर और एसएनपी की अनुक्रम-स्तरीय भिन्नता प्रदान करता है, और वंशावली मानचित्रण और जटिल फोरेंसिक मामलों में गहन समाधान को सक्षम बनाता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## निर्यात संवर्धन मिशन

### चर्चा में क्यों?

- अमेरिका में 50% के उच्च टैरिफ के कारण वस्तुओं के निर्यात पर दबाव के बीच , केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 25,060 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ छह वर्षीय निर्यात संवर्धन मिशन को मंजूरी दी है।

### मुख्य बिन्दु:

**निर्यात संवर्धन मिशन**

- 2025-26 के केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री ने निर्यात संवर्धन मिशन की घोषणा की।
- इससे निर्यात ऋण तक आसान पहुंच, सीमा पार फैक्टरिंग सहायता, तथा विदेशी बाजारों में गैर-टैरिफ उपायों से निपटने के लिए एमएसएमई को सहायता मिलेगी।
- **मंत्रालय:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा वित्त मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से संचालित।
- ईपीएम के तहत , हाल ही में वैश्विक टैरिफ वृद्धि से प्रभावित क्षेत्रों को प्राथमिकता सहायता प्रदान की जाएगी, जैसे कि वस्त्र, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान और समुद्री उत्पाद।
- विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करेगा, जो आवेदन से लेकर वितरण तक की सभी प्रक्रियाओं को संभालेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# हाइड्रोजन वैली इनोवेशन क्लस्टर्स (HVICs)

## चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ने घोषणा की है कि देश भर में 4 HVICs विकसित किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से ग्रीन हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला को पूरी तरह से प्रदर्शित किया जाएगा।

## मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य:** संपूर्ण हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला (उत्पादन, भंडारण, परिवहन और उपयोग) तथा भारत की पहली बड़े पैमाने की हाइड्रोजन प्रदर्शन परियोजनाओं का प्रदर्शन करना।
- इसे राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत एकीकृत किया गया है।
- राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन एक अम्ब्रेला कार्यक्रम है। इसे ग्रीन हाइड्रोजन तंत्र बनाने के लिए 2023 में शुरू किया गया था।
- इसका लक्ष्य 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन की ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता हासिल करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## डिजिटल गोल्ड

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने डिजिटल गोल्ड को लेकर एक सार्वजनिक सलाह जारी की है। सेबी ने निवेशकों को विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से पेश किए जा रहे 'डिजिटल गोल्ड' या 'ई-गोल्ड' उत्पादों में निवेश न करने की चेतावनी दी है। सेबी ने स्पष्ट किया है कि ऐसे उत्पाद सेबी के विनियामक ढांचे के अंतर्गत नहीं आते हैं।

### मुख्य बिन्दु:

- डिजिटल गोल्ड का तात्पर्य स्वर्ण को भौतिक रूप से अपने पास रखे बिना उसकी खरीद से है। डिजिटल गोल्ड का मूल्य भौतिक स्वर्ण के मूल्य से जुड़ा होता है।
- डिजिटल गोल्ड ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग करके बनाया जाता है। यह निवेशकों को डिजिटल रूप से स्वर्ण खरीदने, बेचने और संग्रहीत करने की अनुमति देता है।
- ये उत्पाद न तो प्रतिभूतियों के रूप में अधिसूचित हैं और न ही कमोडिटी डेरिवेटिव्स के रूप में विनियमित हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## ग्लोबल कूलिंग वॉच 2025' रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के कूल कोएलिशन ने ग्लोबल कूलिंग वॉच 2025 रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस रिपोर्ट में उन संधारणीय शीतलन समाधानों का उल्लेख किया गया है जो 2050 तक शीतलन से होने वाले अनुमानित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में HY कमी ला सकते हैं।

### मुख्य बिन्दु:

S'बीट द हीट' वैश्विक पहल

- यह UNEP की 'कूल कोएलिशन' और COP30 के अध्यक्ष ब्राजील की संयुक्त पहल है। इसका उद्देश्य 'ग्लोबल कूलिंग वॉच' रिपोर्ट के निष्कर्षों को वास्तविक जलवायु कार्रवाई में बदलना है।
- **उद्देश्य:** यह पहल सरकारों, शहरों, उद्योगों और वित्तीय संस्थानों को शामिल करते हुए सभी के लिए समान रूप से शीतलन तकनीकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बहुस्तरीय शासन को बढ़ावा देती है। EEI, 2024 वित्त वर्ष 2023-24 के


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# रावतभाटा परमाणु ऊर्जा परियोजना (RAPP स्टेट ऑफ द क्रायोस्फीयर रिपोर्ट 2025

## चर्चा में क्यों?

- अंतरराष्ट्रीय क्रायोस्फीयर जलवायु पहल ने स्टेट ऑफ द क्रायोस्फीयर रिपोर्ट 2025 जारी की है।

## मुख्य बिन्दु:

- इस रिपोर्ट में क्रायोस्फीयर यानी हिमांक-मंडल के पांच प्रमुख घटकों में हो रहे परिवर्तनों की स्थिति और प्रभावों को उजागर किया गया है। ये पांच प्रमुख घटक हैं: बर्फ की चादरें, पर्वतीय हिमनद और हिमपात, ध्रुवीय महासागर, समुद्री बर्फ तथा स्थायी तुषार भूमि (पर्माफ्रॉस्ट)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सैन्य अभ्यास

## VINBAX अभ्यास

**चर्चा में क्यों?**

- छठा वियतनाम-भारत सैन्य अभ्यास VINBAX हनोई में शुरू हुआ। यह भारत और वियतनाम के बीच एक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास है।

**मुख्य बिन्दु:**

- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों में सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करना है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR